याचना नहीं संकल्प होगा

याचना नहीं संकल्प होगा
याचना नहीं संकल्प होगा,
शिक्षा ही एक विकल्प होगा
तभी समाज बदलेगा,
ऊँच-नीच का द्वेष डोलेगा
विभाजक्ता का फन कुचलेगा,
जात प्रान्त घबराएगा ।

बाल - बाला होंगे एक समान,
चलो चलाएं ऐसा अभियान
शिक्षा बने हमारी पहचान,
तभी मिले सब को पूरा ज्ञान ।

विद्या ही हो ठोस आधार,
इसी पाठ का करो प्रसार
सबको मिले शिक्षा उत्तम,
विवेक ही हो सर्वप्रथम ।

चढ़ा दो कुरीतियों की आहुति,
लाओ नयी चेतना नयी जाग्रति
तभी तो होगी देश की उन्नति,
बढ़ा पाओगे यश और कीर्ति ।

पियूशी झा

८ डी